**ओनटैरियो सरकार ने, 26 दिसम्बर से पूरे प्रांत को बंद करने की घोषणा की**

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (22 दिसम्बर, 2020) – कल, ओनटैरियो सरकार ने, 26 दिसम्बर से, पूरे प्रांत को बंद करने (provincewide shutdown) की घोषणा की, जो 23 जनवरी, 2021 तक, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) सहित, दक्षिणी ओनटैरियो (Southern Ontario) के लिए लागू रहेगा।

रीजन ऑफ पील के हिस्से के तौर पर ब्रैम्पटन, 23 नवंबर, 2020 से, प्रांत के ग्रे-लॉकडाउन लेवल (Grey-Lockdown level) में है।

सुरक्षा उपायों और पाबंदियों में शामिल हैं, परंतु इन तक सीमित नहीं हैं:

**संगठित सार्वजनिक कार्यक्रम, सामाजिक जनसमूह और धार्मिक सेवाएं, रस्में और समारोह**

- एक ही घर के सदस्यों और जरूरी सहायकों के सिवाय, किसी अन्य इनडोर संगठित सार्वजनिक कार्यक्रमों या सामाजिक जनसमूहों की अनुमति नहीं है। बुजुर्गों सहित, जो व्यक्ति अकेले रहते हैं, वे एक और व्यक्ति के साथ नजदीकी संपर्क रखने के बारे में सोच सकते हैं;
- आउटडोर संगठिक सार्वजनिक कार्यक्रम या सामाजिक जनसमूह, अधिकतम 10 व्यक्तियों तक सीमित हैं;
- शादी संबंधी सेवाओं, अंतिम संस्कार संबंधी सेवाओं और धार्मिक सेवाओं, रस्मों या समारोहों में, जहां शारीरिक दूरी रखी जा सके, इनडोर 10 व्यक्ति या आउटडोर 10 व्यक्ति तक शामिल हो सकते हैं।

**कारोबार**

- ग्रोसरीज बेचने वाले डिस्काउंट और बिग बॉक्स रिटेलर्स (बहुत बड़े स्टोर, जहां सभी वस्तुएं एक ही जगह पर मिलती हैं) के लिए, स्टोर में खरीदारी, 25 प्रतिशत कैपेसिटी तक सीमित होगी। सुपरमार्किट, ग्रोसरी स्टोर और ऐसे ही स्टोर, जो मुख्य रूप से भोजन संबंधी वस्तुएं बेचते हैं, के साथ-साथ फार्मेसीज, स्टोर में खरीदारी के लिए, 50 प्रतिशत कैपेसिटी के साथ चलना जारी रहेंगी;
- रेस्टोरेंट्स, बार्स और खानपान संबंधी संस्थान, केवल टेकआउट, ड्राइव-थ्रू और डिलीवरी सेवाएं प्रदान कर पाएंगे। इनडोर और आउटडोर डाइनिंग (रेस्टोरेंट आदि में अंदरूनी और बाहरी जगह पर खानपान) सेवाओं की अनुमति नहीं है;
- निजी देखभाल संबंधी सेवाएं बंद रहेंगी, जैसे हेयर सैलून, नाई की दुकानें, नेल सैलून और टैटू पार्लर;
- कैसीनो, बिंगो हॉल्स और जुए संबंधी अन्य संस्थान बंद रहेंगे;
- पूल्स सहित, इनडोर स्पोर्ट्स और रेक्रिएशन संबंधी फैसिलिटीज सीमित छूटों के साथ बंद रहेंगी।

पूरे प्रांत के बंद होने संबंधी उपायों के बारे में, यहां (here) और पढ़ें।

**कोविड-19 महामारी के दौरान ब्रैम्पटन में 2020 का छुट्टियों का सीजन**

सिटी हॉल और कार्पेरेट फैसिलिटीज

आने वाले छुट्टियों के सीजन के दौरान, वीरवार, 24 दिसम्बर, 2020 को, दोपहर 12 बजे से लेकर, सोमवार, 4 जनवरी, 2021 को, सुबह 8:30 बजे तक सिटी हॉल (City Hall) सहित, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कई ऑफिस जनता के लिए बंद रहेंगे।

फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services), ट्रैफिक सर्विसिज (Traffic Services), बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement), रोड ऑपरेशंस (Road Operations), और सिक्योरिटी सर्विसिज (Security Services) सहित, सभी महत्वपूर्ण सेवाएं, हमारे समुदाय की मदद के लिए पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

सिटी हॉल और कार्पोरेट फैसिलिटीज, केवल मुलाकात बुक करने के द्वारा ही, व्यक्तिगत सेवाओं के लिए खुली रहेंगी। बिना मुलाकात बुक किए आने की अनुमति नहीं है। मुलाकात बुक करने के लिए, www.brampton.ca/skiptheline पर जाएं।

सिटी रेक्रिएशन सेंटर और सहूलियतें

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की सभी रेक्रिएशन फैसिलिटीज, जनता के लिए बंद रहेंगी। फिट और क्रियाशील रहने के बारे में, ऑनलाइन वीडियो के लिए, यहां (here) क्लिक करें।

यदि मौसम ठीक रहा, तो स्वस्थ, सुरक्षित और क्रियाशील रहने में निवासियों की मदद के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के आइस रिंक्स खुले रहेंगे। संचालन के घंटों के बारे में, www.brampton.ca/outdoorskating पर पता लगाया जा सकता है।

समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा, सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, विशेषकर कोविड-19 (COVID-19) के दौरान। पील पब्लिक हेल्थ की सलाह के अनुसार, रिंक्स में जाने के लिए रिजर्वेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कैपेसिटी शर्तों का पालन किया जा रहा है और जहां जरूरी हो, संपर्क ट्रेसिंग संभव है।

आउटडोर प्रोग्रामिंग समायोजनों के बारे में ताज़ा जानकारी, www.brampton.ca/recreation पर देखी जा सकती है।

बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट

ब्रैम्पटन के बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement) के अफसर, छुट्टियों में प्रांतीय और म्युनिसिपल बाइ-लॉ लागू करने के लिए, पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police) के साथ मिलकर काम करेंगे। निवासियों को याद दिलाया जाता है कि:

- उन्हें केवल अपने घर में रहने वाले मेम्बर्स के साथ ही इकट्ठे होना/जश्न मनाना चाहिए। जो लोग अकेले रहते हैं, वे दूसरे घर के मेम्बर्स के साथ इकट्ठे होने पर विचार कर सकते हैं;
- उनके लिए दूसरे हर व्यक्ति से 2 मीटर की शारीरिक दूरी रखना आवश्यक है;
- उनके लिए इनडोर पब्लिक जगहों में होने के समय चेहरे को ढकना आवश्यक है, आउटडोर भी, यदि शारीरिक दूरी न रखी जा सकती हो, और यहां मास्क आवश्यक हैं। यह बाइ-लॉ कुछ व्यक्तियों को छूट देता है। इनमें शामिल हैं, वे व्यक्ति, जो मेडिकल कारणों से मास्क नहीं पहन सकते या चेहरा नहीं ढक सकते; दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे; एमरजेंसी ऑर्डर्स (Emergency Orders) के अनुसार एथलेटिक गतिविधि में शामिल व्यक्ति। अधिक जानकारी के लिए: www.brampton.ca/masks पर जाएं।

पाबंदियों का पालन न करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया/टिकट जारी की जा सकती है। रीओपनिंग ओनटैरियो एक्ट (Reopening Ontario Act) और बाइ-लॉ के अंतर्गत, उल्लंघन के लिए, अपराध के प्रकार के आधार पर, 500 डॉलर से 100,000 डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

अधिक जानकारी और सेवा अपडेट्स के लिए, निवासी और कारोबारी, 311 पर फोन कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311 मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

**लिंक**

- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कोविड-19 संबंधी प्रोग्रामिंग और सेवा अपडेट्स (City of Brampton COVID-19 programming and service updates)
- कोविड-19 के लक्षण (COVID-19 Symptoms)
- ब्रैम्पटन में टेस्टिंग (Testing in Brampton)
- खुद को आइसोलेट कैसे किया जाए (How to self-isolate)
- कोविड-19 के दौरान कारोबारों और कार्यस्थलों को सुरक्षित रखना (Keeping businesses and workplaces safe during COVID-19)
- पील में कोविड-19 के केस (Cases of COVID-19 in Peel)

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca